# डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम द्वारा संचालित पैरामेडिकल पाठ्यक्रम

ईमेलः– deanratlam@gmail.com वेबसाइटः– www.gmcratlam.org
कार्यालय दूरभाष नंबरः– 07412–284226 पिनकोडः– 457001

**DONATE ORGAN – SAVE LIFE**

अंगदान करें–जीवन बचाएँ

क्रमांक 6855/जी.एम.सी./2026 दिनांकः– 27/06/2026

विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में (अंतरिम) प्रवेश हेतु विज्ञापन वर्ष 2025–26

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम के अंतर्गत सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न स्ववित्तीय पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक को 12वीं (10+2) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्था से बायोलॉजी विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी विषयों में प्राप्त अंकों की मैरिट (प्रावीण्य सूची) के आधार पर दिए जाएंगें। आवेदक की 29/06/2026 की स्थिति में न्यूनतम 17 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष होनी चाहिए। पाठ्यक्रमो की विस्तृत जानकारी विवरणीका में उपलब्ध होगी।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश उपलब्ध सीटों का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | पाठ्यक्रम का नाम | डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट | पाठ्यक्रम अवधि | उपलब्ध सीट |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बैचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीशियन | डिग्री | 03 वर्ष | 20 |
| 2 | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | डिग्री | 02 वर्ष | 20 |
| 3 | ऑप्टोमेट्रिस्ट रिफेक्शन | डिप्लोमा | 02 वर्ष | 10 |
| 4 | एनेस्थीसिया टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |
| 5 | ओ.टी. टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |
| 6 | ऑर्थो टेक्नीशियन | सर्टिफिकेट | 01 वर्ष | 10 |
| | | | कुल सीटों की संख्या | 80 |

उपरोक्त पाठ्यक्रमों में उपलब्ध सीटों पर आरक्षण का लाभ म.प्र. शासन के नियमानुसार (केवल म.प्र. के मूल निवासी को ही देय होगा)। उक्त पाठ्यक्रमों में अन्य राज्यों के छात्र भी आवेदन कर सकते है, परन्तु ऐसे आवेदकों को आरक्षण का लाभ नही दिया जाएेगा एवं ऐसे आवेदनों को अनारक्षित श्रैणी में ही विचार किया जावेगा। प्रत्येक वर्ग में क्षैतिज रूप से 33 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होगी। पाठ्यक्रमों हेतु उपलब्ध सीटों में आरक्षित श्रेणीयों के आवेदकों हेतु अनुसूचित जनजाति–20 प्रतिशत, अनुसूचित जाति–20 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग–14 प्रतिशत, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)–10 प्रतिशत सीट आरक्षित है। ऐसे दिव्यांग अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश राज्य के स्थानीय निवासी है, उनके लिए पांच प्रतिशत (5%) सीट नियमानुसार आरक्षित है। यह आरक्षण क्षैतिज (हॉरिजोन्टल होगा।
नियमित सेवारत शासकीय कर्मचारियों को डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु 10 प्रतिशत सीट आरक्षित रहेगी।

उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु विस्तृत प्रवेश विवरणिका मय आवेदन पत्र डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर दिनांक 29/06/2026 से उपलब्ध होंगे। प्रवेश एवं काउंसलिंग से संबंधित समस्त जानकारी का अवलोकन समय–समय पर कॉलेज की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर उपलब्ध रहेगा। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र मय संलग्नकों के एवं देय शुल्क राशि रूपये 500/– (सामान्य वर्ग) एवं रूपये 300/– (आरक्षित वर्ग) डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। डिमांड ड्राफ्ट New Government Medical collage Autonomous Society Ratlam के नाम जो की State Bank of India Government Medical college Ratlam Branch IFSC Code- SBI0061542 में देय होगा। बैंक डिमांड ड्राफ्ट की मूल प्रति संलग्न नहीं होने पर आवेदन–पत्र निरस्त कर दिया जावेगा।
आवेदक पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 11/07/2026 सायं 05:00 बजे तक निर्धारित है, उक्त समयावधि पश्चात आवेदनो पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। जिन आवेदकों के द्वारा आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर पोस्ट से भेजे जा रहे है उन्हे यह सुनिश्चित करना होगा कि आवेदन अंतिम तिथि 11/07/2026 सायं 05:00 बजे तक महाविद्यालय की आवक शाखा में पहुंच जाए। डाक में दैरी के कारण अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

नोट :–

1. आवेदन पत्र, नियम निर्देशिका, वरीयता सूची एवं काउंसलिंग कार्यक्रम की जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.gmcratlam.org पर उपलब्ध रहेगी।
2. उपरोक्त पाठ्यक्रम में से किसी भी पाठ्यक्रम में सीटों की संख्या कम ज्यादा का अधिकार संस्था का रहेगा।
3. यदि अपरिहार्य कारणों से काउंसलिंग की तिथिया परिवर्तित/स्थगित होती हैं तो उसकी सूचना वेबसाइट/महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।

AnitaMutha.

अधिष्ठाता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी
डॉ. एल.एन.पी. जी.एम.सी. रतलाम (म.प्र.)

DEAN & CEO
Dr. L.N.P. Govt. Medical College
Ratlam (M.P.)

Scanned with OKEN Scanner